तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार, 16 जुलाई 2025

14 सीबीएसई नॉर्थ जोन-2 तीरंदाजी स्पर्धा में छाए, लगाए सटीक निशाने



14 सड़क पर अतिक्रमण को लेकर पुलिस की बेबसी हर तीसरे दिन अवैध...



### खबर संक्षेप



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें माईराम कौशिक एवं अशोक भारद्वाज का स्वागत करते हुए।

### चिंतपूर्णी मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा आयोजित

**सोनीपत।** आज चिंतपूर्णी मंदिर, सोनीपत में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का पावन आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता माईराम कौशिक एवं सोनीपत जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। दोनों नेताओं ने मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के धार्मिक अनुष्ठानों में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया और भंडारे का शुभारंभ करवाया, जिसका आयोजन मंदिर परिसर में भक्तों के लिए किया गया।

### खाते से रुपये निकालने वाला आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में मोबाइल फोन छीनने व खाते से रुपये निकालने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमन निवासी सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गांव शहजादपुर निवासी तिलकराज ने गत 14 जुलाई को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह गत 24 जून को बिजली का सामान लेने के लिए बस स्टैंड के पास आया था।

## एचएसवीपी कर्मचारियों ने दिया अल्टीमेटम, जारी रहा धरना

# मांगें नहीं मानी : आज से ठप होगी पानी व सीवर व्यवस्था

### आज से काम बंद कर सुबह 8 से शाम साढ़े 6 बजे तक देंगे धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) में कार्यरत कौशल रोजगार निगम और हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन (रजिस्ट्रेशन संख्या 1266) के कर्मचारियों ने आज जिला कार्यालय पर दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक जोरदार धरना प्रदर्शन किया। हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के बैनर तले हुए इस विरोध प्रदर्शन में कर्मचारियों ने सरकार और अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गई तो कल सुबह 5 बजे से जिलेभर में पानी और सीवर व्यवस्था पूरी तरह से बंद कर दी जाएगी। प्रदर्शन का नेतृत्व महावीर नागर और सुरेश रोहिला ने किया, जबकि संचालन समेश कुमार व सतीश शर्मा ने संभाला। सभा में वक्ताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पिछले कई महीनों से कर्मचारियों को नियुक्तियों की स्वीकृति (अप्रूवल) नहीं दी जा रही है, जिससे सैकड़ों कर्मचारियों की आजीविका और भविष्य अधर में लटका हुआ है। हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के प्रदेश महासचिव व हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह सरकार गरीब कर्मचारियों के प्रति असंवेदनशील है। मुख्यमंत्री की घोषणाएं केवल कागजों तक सीमित हैं न तो 26000 न्यूनतम वेतन लागू किया गया, न कैशलेस मेडिकल सुविधा दी गई और न ही पहचान पत्र बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस घोषणा मंत्री सरकार की नीतियों ने कर्मचारियों को सड़क पर ला खड़ा किया है। इस दौरान विजेंद्र रिवाल, ध्रुव कुमार, समे सिंह, पुष्पेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश, अरुण कुमार, अश्वनी शर्मा, जोगेंद्र सिंह, महेंद्र शर्मा, सुरेंद्र रंगा, सुनील चौहान, राजेंद्र राठी, शमशेर सिंह, राकेश चावरीया, राज कुमार, योग प्रकाश नागर, योगेश शर्मा और विनोद कुमार आदि शामिल हुए।



सोनीपत। एचएसवीपी कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी।

#### पेयजल संकट की चेतावनी

विरोध कर रहे कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि अगर सरकार ने आज ही उनकी मांगों पर फैसला नहीं लिया तो 16 जुलाई सुबह 5 बजे से सोनीपत के सभी सेक्टरों की पेयजल और सीवर सेवाएं पूरी तरह ठप कर दी जाएंगी। इसके कारण आमजन को गहन पेयजल संकट और सफाई संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। हड़ताल सुबह 8 बजे से शाम 6:30 बजे तक एचएसवीपी कार्यालय पर जारी रहेगी, और यदि स्थिति जस की तस रही तो आंदोलन अनिश्चितकालीन रूप से आगे बढ़ाया जाएगा।

#### भ्रष्टाचार के आरोप और जांच की मांग

सभा में एचएसवीपी बागवानी विभाग के एसडीओ पर गंभीर भ्रष्टाचार, डकैती और चोरबाजारी के आरोप लगाए गए। यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि अधिकारी रसूखदार है, जांच अधिकारियों को रिश्वत देकर हर बार कार्रवाई से बच जाता है। वर्ष 2017 से शिकायतें लंबित हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। कर्मचारियों ने आरोपित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तुरंत निष्पक्ष जांच और रिकवरी की मांग की।

#### कई सेक्टरों में गहरा सकता है जल संकट

कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के बाद सेक्टर-7, 8, 12, 13, 14, 15 व आवासीय सोसाइटियों में रह रहे लाखों लोगों के सामने पानी की किल्लत गहरा सकती है। इसके अलावा इन इलाकों में सीवर समस्या भी हो सकती है।

#### तीन प्रमुख मांगें रखीं

- ▶▶ लंबित अप्रूवल तुरंत जारी की जाए।
- ▶▶ जॉब सुरक्षा की तत्काल ज्वाइनिंग करवाई जाए।
- ▶▶ भ्रष्ट एसडीओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच व रिकवरी सुनिश्चित की जाए।

# जिला उपायुक्त निजी सहायक शशांक रिश्वत मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

- गिरफ्तार एक आरोपित उपायुक्त कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर जबकि दूसरा एसडीएम कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर है तैनात
- लाखों रुपए की रिश्वत सहित एसीबी ने उपायुक्त के निजी सहायक को किया था गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- हर महीने दस से पंद्रह हजार रुपये शशांक के खाते में जमा करवाते थे दोनों आरोपित

रिश्वत लेने का आरोपित जिला उपायुक्त के निजी सहायक सरकारी कर्मचारियों से भी हर महीने रिश्वत की राशि लेता था। एंटी करप्शन ब्यूरो ने जांच के बाद दो कम्प्यूटर आपरेटरों को गिरफ्तार किया है। आरोपित अनूप व राजेश डीसी के पीए को हर महीने 10 व 15 हजार रुपये की राशि उसके बैंक खाते में ट्रांसफर करते थे।दोनों आरोपित पीए के खाते में 30 महीने में 36 बार में छह लाख रुपये की राशि भेज चुके थे। दोनों आरोपित कर्मचारियों के तबादले व पोस्टिंग करवाते थे, वे ही अन्य कर्मचारियों से रिश्वत लेकर आरोपित के खाते में भेजते थे। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम ने दोनों को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों को एक दिन के रिमांड पर एसीबी को सौंप दिया। एसीबी की टीम अन्य कई कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है।

बता दें कि लिपिक जितेंद्र कुमार ने एसीबी को शिकायत देकर बताया था कि उपायुक्त का सहायक शशांक शर्मा उसे राई तहसील में रजिस्ट्री क्लर्क के पद पर लगवाने के नाम पर पांच लाख रुपये मांग रहा है। इसमें से डेढ़ लाख रुपये की राशि वह उससे ले चुका है। एसीबी ने जाल बिछाकर आरोपित को साढ़े तीन लाख रुपये की राशि सहित काबू कर लिया था।

उसके बाद उसके घर से लाखों रुपये की अवैध रूप से रखी राशि बरामद कर कब्जे में लिया था। एसीबी ने जांच का दायरा बढ़ाया तो करीब 76 लाख रुपये का लेनदेन आरोपित के खाते में मिला था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपित अनुप सिंह उपायुक्त कार्यालय में ऑपरेटर व एसडीएम कार्यालय में तैनात राजेश आपरेटर को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।

अदालत ने आरोपितो को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। आरोपित पुलिस उपायुक्त के निजी सहायक के खाते में हर महीने दस से पंद्रह हजार रुपये भेजते थे। जोकि राशि सालों से ली रही थी। जांच में अनूप द्वारा तीन लाख तेरह हजार रुपये की राशि ट्रांसफर की गई है। वहीं राजेश द्वारा दो लाख सतासी हजार रुपये की राशि आरोपित शशांक के खाते में भेजी मिली है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से टीम पूछताछ कर रही है।

## ग्रामीण के घर मिला गैस सिलेंडरों का जखीरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

- गांव सिकंदरपुर माजरा में रसोई गैस की कालाबाजारी का मामला

गांव सिकंदरपुर माजरा में रसोई गैस की कालाबाजारी का मामला उजागर हुआ है। इस गांव का नरेश उर्फ नेशाद्दीन रसोई गैस को व्यवसायिक सिलेंडर में भरकर बेच रहा था। खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रण विभाग और पुलिस की टीम ने छापा मारा और अवैध सिलेंडरों का जखीरा बरामद किया। यहां से विभिन्न कंपनियों के 54 सिलेंडर और अन्य सामान बरामद किया गया।

आरोपित के विरुद्ध सदर थाना में केस दर्ज करके उसे गिरफ्तार किया। खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रण विभाग के निरीक्षक बिजेंद्र लाठर के अनुसार गांव सिकंदरपुर माजरा में अवैध गैस सिलेंडर का जखीरा रखा होने की सूचना मिली। इसके बाद विभाग और पुलिस की टीम ने छापा मारा।

टीम गांव पहुंची तो रमेश के घर पर अलग-अलग कंपनियों के रसोई गैस व व्यवसायिक सिलेंडर रखे मिले। गिनती करने पर कुल 54 सिलेंडर मिले। इसके अलावा एक तौल कांटा, चूल्हा व पांच किलोग्राम का सिलेंडर मिला। पूछताछ में सामने आया कि वह 14 किलोग्राम के रसोई गैस के सिलेंडर से व्यवसायिक सिलेंडरों में गैस भरकर उनको बेचता था। निरीक्षक बिजेंद्र लाठर की शिकायत पर सदर थाना में केस दर्ज किया गया।

# मानदेय न मिलने से नाराज आशा वर्करों का सरकार पर फूटा गुस्सा

- 4 अगस्त को होगा रोष प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुरथल पीएचसी में सीटू से जुड़ी आशा वर्कर यूनियन की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें आशा वर्करों को पिछले सात महीने से मानदेय न मिलने को लेकर सरकार के प्रति नाराजगी जताई गई। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली सरकार खुद उन महिलाओं की अनदेखी कर रही है जो समाज के निचले स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं।

उन्होंने बताया कि आशा वर्करों को 6100 रुपये मासिक मानदेय मिलता है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार दोनों का हिस्सा होता है, लेकिन बीते सात महीनों से यह मानदेय नहीं मिला है। इस कारण कई आशा वर्कर परिवारों के साथ आर्थिक तंगी और भूखमरी की स्थिति का सामना कर रही हैं। बच्चों के स्कूल से नाम कट गए हैं, बिजली बिल न भर पाने से कनेक्शन कटने की नौबत है, राशन दुकानदारों ने उधारी बंद कर दी है और किराये के मकान में रहने वाली महिलाओं को मकान खाली करने की धमकियां मिल रही हैं।

जिला सचिव सुमन सैनी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की अधिकांश जिम्मेदारियां आशा वर्करों पर थोप दी गई हैं, जिनमें अब ऑनलाइन कार्यों का दबाव भी शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार काम तो ले रही है, लेकिन उचित भुगतान देने से पीछे हट रही है। सुमन सैनी ने ऐलान किया कि 4 अगस्त को हरियाणा के 18 हजार से अधिक आशा वर्कर रेवाड़ी स्थित स्वास्थ्य मंत्री के आवास का घेराव करेंगी। उन्होंने मांग की कि सात माह का बकाया मानदेय तुरंत जारी किया जाए, ऑनलाइन कार्यों पर रोक लगाई जाए, आशा वर्करों को स्थायी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए और जब तक ऐसा नहीं होता, तब तक 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन लागू किया जाए। बैठक को कृष्ण वर्मा, पिंकेश, मीनाक्षी सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।



सोनीपत। बैठक करती हुई आशा वर्कर।

### पति ने मारपीट की तो महिला अपने तीन बच्चों सहित घर से निकली

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र से पति ने महिला से मारपीट की तो महिला अपने तीन बच्चों को लेकर संदिग्ध हालत में लापता हो गई। पीड़ित ने बताया कि उसने अपने स्तर पर बच्चों व पत्नी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बच्चों व महिला की तलाश के प्रयास कर रही है। एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसकी पत्नी के साथ अक्सर उसकी कहासुनी होती रहती है। उसकी पत्नी बिना किसी से कुछ बताएं उसके तीन बच्चों को लेकर घर से चली गई। अपने स्तर पर बच्चों व पत्नी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी सज्जन ने बताया कि महिला व बच्चों की तलाश के प्रयास किए जा रहे है। जल्द से जल्द उनकी तलाश कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# मौसम ने फिर खेली आंख-मिचौली

## शाम को हुई बूंदाबांदी, खेतों में अच्छी बारिश के इंतजार में रहे किसान

- मौसम विभाग को 16 को छिटपुट तो 17 को अच्छी बारिश की है उम्मीद
- दिन का तापमान सामान्य से कम रहा, दोपहर में उमस ने किया बेचैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मंगलवार सुबह सोनीपतवासियों की आंखें आसमान की ओर टिकी थीं। हल्के बादलों की मौजूदगी ने उम्मीद जगाई थी कि शायद आज बारिश होगी, परंतु दोपहर होते-होते हवा के तेज झोंकों ने बादलों को बिखेर दिया और दिनभर सूरज और बादलों की आंख-मिचौली चलती रही। इससे किसानों की आस फिर टूट गई। हालांकि शाम के समय कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई थी, जिससे की मौसम में ठंडक बनी रही। सुबह की हल्की ठंडी हवा ने उमस से राहत तो दी, लेकिन पर्याप्त बारिश न होने से नमी की उम्मीद पर पानी फिर गया। खेतों की जुताई और बुआई की तैयारी में लगे किसानों को अब भी अच्छी बारिश का इंतजार है। कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगों को लगातार मौसम की चाल परेशान कर रही है। खेतों में नमी की बेहद जरूरत है, लेकिन बारिश का पूर्वानुमान और धरातल की हकीकत लगातार एक-दूसरे से मेल नहीं खा रहे। सोनीपत में दिन का तापमान सामान्य से थोड़ा कम रहा, लेकिन नमी और हवा की दिशा ने मौसम को पूरी तरह सुहावना नहीं बनने दिया।



#### आगे क्या कहता है मौसम विभाग

मौसम विभाग के अनुसार 16 जुलाई को सोनीपत में केवल छिटपुट बूंदाबांदी की संभावना है, कोई बड़ी वर्षा नहीं है। 17 जुलाई को जिले में मध्यम बारिश के साथ कुछ हिस्सों में तेज बारिश भी हो सकती है, जो किसानों के लिए राहतभरी हो सकती है। 18 से 21 जुलाई तक मौसम फिर हल्का बना रहेगा, कहीं-कहीं हल्की फुहारें पड़ सकती हैं। विभाग ने फिलहाल सोनीपत जिले के लिए किसी भी तरह की मौसम चेतावनी जारी नहीं की है।

#### किसानों की चिंता गहराई

सोनीपत के कई इलाकों में किसान लगातार बारिश का इंतजार कर रहे हैं। कुछ ने बीज बो दिए हैं, तो कई अब भी मौसम की अनिश्चितता के कारण रुककर इंतजार कर रहे हैं। बार-बार आसमान में बादल छाने और फिर बिना बारिश लौटने से खेत सूखे पड़े हैं। डॉ. प्रेमदीप का कहना है कि 17 जुलाई तक इंतजार करना उचित होगा। तब तक भारी बारिश की संभावना बन रही है, जो फसलों के लिए निर्णायक हो सकती है। किसानों को सलाह है कि वे जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें और मौसम की गति पर लगातार निगरानी बनाए रखें।


# RENU VIDYA MANDIR

(An Institute of Special Education, Vocational Rehabilitation Training and Research)
Run by: Shri Rameshwar Sewa Sansthan (Regd.)
Address:- Khewra- Meerut Road, Bahalgarh Sonipat, Haryana - 131021
Recognized by: Rehabilitation Council of India (A Statutory body of Ministry of Social Justice and Empowerment) D.E.PWD(D) Govt. of India.
Affiliated to: Deenbandhu Chhotu Ram University of Science and Technology (DCRUST), Murthal (Sonipat)

## POSITION VACANT

**Applications are invited from the eligible candidates for the following posts :**

| Name of Posts | No. of Post | Eligibility/Essential Qualification & Experiences |
|---|---|---|
| Principal | 01 | (i) Masters Degree in any discipline with 50% of marks<br>(ii) M.Ed. Degree in Special Education with not less than 55% of marks<br>(iii) Ph.D in Special Education or Education with research emphasis on Special Education<br>(iv) Should have 08 years of teaching experience |
| Associate Professor | 02 (HI)<br>02 (ID) | (i) Master Degree in any discipline with 50% of marks<br>(ii) M.Ed. Degree in Specific Disability area with Not less than 55% of marks.<br>(iii) PhD in Special Education or Education with Research emphasis on Special Education.<br>(iv) Should have 8 years of Teaching experience or As per RCI Norms. |
| Assistant Professor | 04 (HI)<br>04 (ID) | (i) Master Degree in any discipline with 50% of marks<br>(ii) M.Ed Degree in Specific Disability area with Not less than 55% of marks or as per RCI Norms, with 5 years teaching experience. |
| Assistant Professor (Speech & Hearing) | 01 | (i) MASLP with 55% marks.<br>Or As per RCI Norms with 2 years teaching experience |
| Assistant Professor | 04 | (i) Masters Degree in any discipline with 50% of marks<br>(ii) M.Ed Degree or equivalent degree with 5 years teaching experience. |
| Sign Language Interpreter | 01 | (i) One year diploma in ISL Interpreting with 2 years teaching experience |
| Clinical Psychologist | 01 | (i) M.A (Psychology) with 55% marks with M.Phil in Clinical or Rehabilitation Psychology with 2 years teaching experience |
| Librarian | 01 | (i) M.Lib.Sc. (Master of Library Science) with 5 years teaching experience |

Interested candidates may send their resume on our email Id: rvmharyana@gmail.com
Apply within 21 days from publishing of the advertisement.

**Call us now: 8572899973 / 8572899976 / 8572899977**
**Website: www.renuvidyamandir.in | Email Id: rvmharyana@gmail.com**



## रंगीन में दिखेगी धोखे और बदले की कहानी, जारी हुआ पहला पोस्टर

**मुंबई।** प्राइम वीडियो पर विनीत कुमार सिंह की अदाकारी वाली 'रंगीन' नाम की एक नई वेब सीरीज आ रही है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए प्लेटफॉर्म ने कैप्शन में लिखा है 'असली आंखें असली झूठ को महसूस कर लेती हैं।' 'अपनी पत्नी के विश्वासघात का पता चलने के बाद, एक सीधा-सादा पति बदला लेने के लिए अंतरंगता की दुनिया में जाता है। अपनी समझ से परे और अनजान, वह ऐसे अनुभवों से गुजरता है जिनमें वह खुद की खोज करता है।' इस सीरीज के नौ एपिसोड हैं जो 25 जुलाई से देखे जा सकते हैं। इससे पहले विनीत कुमार सिंह फिल्म 'छावा' में नजर आए थे।

लाइफ Style



# प्रीति

## पुरुष एक्टर्स की मांग पर नहीं उठता सवाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शूटिंग शिफ्ट की मांग को लेकर फिल्म इंडस्ट्री में बहस छिड़ गई है। इस मामले पर कई सेलेब्स ने अपने विचार साझा किए हैं। ऐसे में इस मामले पर अभिनेत्री और बिजनेसवुमन प्रीति झंगियानी ने दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शिफ्ट की मांग का समर्थन किया है।

आपको बता दें दीपिका पादुकोण ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट में काम करने के दौरान छह से आठ घंटे की ही शूटिंग करने की डिमांड रखी थी। इसकी वजह यह थी कि वह अपनी बेटी दुआ को भी समय देना चाहती थीं। उनकी इस मांग के बाद उन्हें फिल्म स्पिरिट से रिप्लेस कर दिया गया। उनकी जगह तृप्ति डिमरी को लिया गया। संदीप रेड्डी ने बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट भी की थी, जिसमें दीपिका को भला-बुरा कहा था। इसके बाद इस मामले पर कई सेलेब्स की प्रतिक्रिया आई। प्रीति झंगियानी ने कहा 'मुझे नहीं लगता कि आठ घंटे की शिफ्ट की मांग करना कुछ गलत है। खासकर जब कोई नई मां हो, तब तो यह एक बहुत ही जायज और समझदारी भरी मांग है। आठ घंटे की शिफ्ट दुनिया भर में स्टैंडर्ड मानी जाती है। मैं खुद एक्ट्रेस हूं और मैंने 13 से 14 घंटे तक की शिफ्ट्स की हैं। हमें फिल्म के लिए अपना सौ प्रतिशत देना होता है, यह हम जानते हैं। लेकिन जब पुरुष एक्टर्स छह बजे के बाद शूटिंग नहीं करते या समय से पहले पैकअप मांगते हैं, तो उस पर कोई सवाल नहीं उठता। फिर जब कोई महिला, खासकर एक्ट्रेस, अपने लिए एक सीमित वर्किंग टाइम की बात करती है, तो क्यों इतनी चर्चा और बहस होती है?'

हॉलीवुड मसाला



## स्ट्रीट फाइटर में निभाएंगे भूमिका...

**लॉस एंजिल्स।** अपने एक्शन के लिए जाने जाने वाले अभिनेता विद्युत जामवाल अब हॉलीवुड फिल्म में अपनी एंट्री करने जा रहे हैं। लाइव-एक्शन फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। यह एक प्रतिष्ठित वीडियो गेम फ्रैंचाइजी पर आधारित फिल्म है। विद्युत इसमें धालसिम के किरदार में नजर आएंगे। असल जीवन में मार्शल आर्ट में माहिर विद्युत जामवाल के इस फिल्म में आने से अब उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। धालसिम का उनका किरदार एक चमत्कारी फायर ब्रीथिंग योगी है।





## हैरी पॉटर सीरीज का प्रोडक्शन शुरू, पहला लुक जारी...

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर टीवी सीरीज का प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। निर्माताओं ने अधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की है। सोमवार को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एचबीओ मैक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अभिनेता डोमिनिक मैक्लॉघलिन की पहली तस्वीर शेयर कर इसकी जानकारी दी। तस्वीर में अभिनेता खास ड्रेस में हैरी पॉटर जैसे दिख रहे हैं। पहले लुक में देखा जा सकता है कि अभिनेता ने अपने हाथ में एक क्लैपबोर्ड लिया हुआ है। डोमिनिक मैकलॉघिन के ऊपर अब बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि वह उस भूमिका को निभाने जा रहे हैं, जिसे अभिनेता डैनियल रैडक्लिफ ने निभाया और दर्शकों का दिल जीता। तस्वीर में डोमिनिक, हॉगवर्ट्स स्कूल की ड्रेस में खड़े नजर आ रहे हैं। इसके साथ उन्होंने हैरी पॉटर का गोल चश्मा पहना है।



## ऋतिक के साथ डांस करती दिखीं तृप्ति

**मुंबई।** इन दिनों बॉलीवुड में तृप्ति डिमरी चर्चा में हैं। जल्द ही एक्ट्रेस फिल्म 'धड़क 2' में नजर आएंगी। इसी फिल्म की चर्चा के बीच वह ऋतिक रोशन के साथ डांस करती नजर आईं। सोशल मीडिया पर ऋतिक और तृप्ति के डांस का वीडियो वायल हो रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल है, उसमें तृप्ति डिमरी और ऋतिक रोशन कमाल के डांस मूव्स कर रहे हैं। ऋतिक ने व्हाइट टी-शर्ट और जैकेट पहनी हैं, वहीं तृप्ति भी व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं। एक सीन में तृप्ति के साथ ऋतिक डांस करते हुए दिखते हैं। फिर अगले सीन में तृप्ति अकेली डांस करती हैं। यूजर्स और ऋतिक, तृप्ति के फैंस जब ये वीडियो देखा तो जमकर रिएक्शन भी दिए हैं। कई फैंस ने तो अटकलें भी लगा ली कि दोनों फिल्म कृष की अगली फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं।



## कबीर बहिया ने शेयर की कृति संग फोटो

**मुंबई।** कृति सेनन का नाम पिछले कुछ वक्त से बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ जोड़ा जा रहा है। अक्सर दोनों कई मौकों पर साथ भी देखे गए। लेकिन दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते को लेकर कुछ भी नहीं कहा। कृति कई इंटरव्यूज में खुद को सिंगल ही बताती रहीं। लेकिन, अब ऐसा लगता है कि दोनों अपने रिश्ते को आधिकारिक करने की सोच रहे हैं। क्योंकि, कबीर बहिया की हालिया स्टोरी तो कुछ ऐसा ही बयां करती है। भारत और इंग्लैंड के बीच इंग्लैंड के लॉड्र्स में खेले गए टेस्ट मैच के पांचवें दिन कई बॉलीवुड सेलेब्स भी मैच देखने पहुंचे थे। इस दौरान अभिनेत्री कृति सेनन भी अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ इस मैच का लुत्फ उठाते दिखीं। दोनों की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर सामने आईं।

टीवी मसाला



## जेठालाल ने बिना डाइट-जिम के 45 दिनों में घटाया 16 किलो वजन

**नई दिल्ली।** दिलीप जोशी, जिन्हें फैंस जेठालाल के रोल में लंबे समय से चल रहे शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा से फैंस पहचानते हैं, जिसे फाफड़ा और जलेबी जैसे ऑयली स्नैक्स से खूब प्यार है। लेकिन, हाल ही में उन्होंने अपने वेट लॉस ट्रांसफॉर्मेशन से फैंस को हैरान कर दिया है। दरअसल, 57 वर्षीय एक्टर ने 16 किलो वजन केवल 45 दिनों में घटाया है। जबकि, हैरानी की बात यह है कि इसके लिए उन्होंने एक्सट्रीम डाइट या जिम में पसीना नहीं बहाया है। जबकि, सिंपल और ओल्ड स्कूल नियमों से वजन घटाया है। दिलीप जोशी ने अपनी सिंपल फिटनेस दिनचर्या को पूरी तरह से दौड़ने पर केंद्रित रखा। उन्हें प्रेरणा 1992 की गुजराती फिल्म 'हुन हुंशी हुंशीलाल' में एक वैज्ञानिक की भूमिका से मिली, जिसमें उन्होंने उस भूमिका को निभाया था। इस रोल को प्रभावशाली ढंग से निभाने के लिए, उन्हें अपना वजन कम करना पड़ा था। इसी वजह से उन्होंने रोजाना 45 मिनट दौड़ने का फैसला किया, जो जल्द ही उनकी ज़िंदगी बदल देने वाली आदत बन गई। इसी रुटीन की बदौलत डेढ महीने में 16 किलो वजन घटाया वो भी बिना किसी ट्रेनर, स्पेशल डाइट और सप्लिमेंट्स के।

### इन सीरियल्स के जरिए मशहूर हुई दीपिका

**नई दिल्ली।** दीपिका कक्कड़ ने टीवी पर कई सीरियल किए हैं, मगर उन्हें पहचान सीरियल 'ससुराल सिमर का' के जरिए मिली। अब दीपिका कक्कड़ के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो इन दिनों हेल्थ



इश्यूज के कारण वह काम नहीं कर पा रही हैं। सीरियल्स में नजर नहीं आ रही हैं। मगर वह यूट्यूब पर अपना लाइफस्टाइल व्लॉग चैनल चलाती हैं। इस व्लॉग में अपनी जिंदगी की हर छोटी-बड़ी बात को साझा करती हैं। अपनी हेल्थ प्रॉब्लम को भी इसी प्लेटफॉर्म के जरिए दीपिका कक्कड़ ने फैंस के साथ साझा किया था। एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ इन दिनों जिंदगी के मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की लीवर कैंसर की सर्जरी हुई। वह इस सर्जरी के बाद ठीक हो ही रही हैं, इसी बीच ब्रेस्ट कैंसर से जुड़ा एक टेस्ट भी करवाया है। दीपिका कक्कड़ कहती हैं, 'मेरी लीवर कैंसर की सर्जरी को लगभग डेढ़ महीना हो गया है। हां, हमने मैमोग्राफी भी की थी, क्योंकि लिम्फ नोड्स थे, तब डॉ. श्वेता ने कहा था कि सेफ्टी के लिए हमें इस टेस्ट को तीन महीने में दोबारा करवाना चाहिए।

## ओटीटी पर इस हफ्ते धमाल मचाएंगी हॉरर-कॉमेडी से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते सिनेमा के तीसरे पर्दे ओटीटी पर ढेरों फिल्में और सीरीज होती हैं। इस कड़ी में इस हफ्ते भी ओटीटी पर कई फिल्में और सीरीज होने जा रही है। जुलाई का आधा महीना खत्म हो चुका है और अब अगले आधे महीने में बड़ी-बड़ी फिल्में भी सिनेमाघरों में रिलीज होंगी, जिसमें अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2 भी शामिल हैं। लेकिन, इससे पहले बात करेंगे इस हफ्ते ओटीटी पर धमाल मचाने आ रहीं उन फिल्मों और सीरीज की, जिसका आप फैमिली संग लुत्फ उठा सकते हैं।

**द समर आई टर्न्ड प्रिटी :** अमेरिकी रोमांटिक टीवी सीरीज द समर आई टर्न्ड प्रिटी का तीसरा सीजन आगामी 16 जुलाई को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने जा रहा है। सीरीज की कहानी बेली और उसकी मां पर बेस्ड है, जिसमें जैकी चुंग, क्रिस्टोफर ब्रिनी, लोला तुंग और रेचल ब्लैंचर्ड जैसे स्टार नजर आएंगे।

**अनटैम्ड :** अगर आपको मर्डर मिस्ट्री फिल्में और सीरीज पसंद हैं तो इस हफ्ते





आपके लिए अनटैम्ड बेहतर ऑप्शन है। यह 17 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी. योसेमाइट नेशनल पार्क पर बेस्ड यह अमेरिकी मर्डर मिस्ट्री सीरीज है, जिसमें एरिक बाना और सैम नील लीड रोल में हैं।

**स्पेशल ऑप्स 2 :** हिंदी ऑडियंस के लिए इस हफ्ते केके मेनन की मच अवेटेड सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 रिलीज होने जा रही है। इसे आप 18 जुलाई को जियो हॉटस्टार भी देख सकते हैं। पहले यह सीरीज बीती 11 जुलाई को रिलीज होनी थी।

**कुबेर :** साउथ सिनेमा से धनुष, नागार्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म कुबेर अब थिएटर से उतकर ओटीटी पर आ रही है। बीती 20 जून को रिलीज हुई फिल्म कुबेर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर 18 जुलाई को आ रही है।

**द भूतनी :** हॉरर-कॉमेडी फिल्मों के शौकीन के लिए फिल्म द भूतनी ओटीटी पर आने को तैयार है। संजय दत्त और मौनी रॉय स्टारर फिल्म द भूतनी को आप 18 जुलाई से जी5 पर देख सकते हैं।

## नई पारी शुरू करने जा रहीं श्वेता तिलोत्तमा के साथ मिलाया हाथ

**मुंबई।** वेब सीरीज 'मिर्जापुर' और फिल्म 'मसान' में बेहतरीन अदाकारी करने वाली अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अब नई पारी शुरू करने के लिए तेयार हैं। वह जल्द ही प्रोडक्शन में डेब्यू करेंगी। वह अपनी पहली फीचर फिल्म 'मुझे जान ना कहो मेरी जान' का प्रोडक्शन करने जा रही हैं। इसके लिए उन्होंने 'पाताल लोक' की अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम के साथ हाथ मिलाया है। वैरायटी के मुताबिक फिल्म में विचित्र प्रेम कहानी दिखाई जाएगी और इसमें तिलोत्तमा शोम के साथ श्वेता त्रिपाठी भी होंगी। वैरायटी के मुताबिक श्वेता त्रिपाठी ने कहा 'यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। इसलिए नहीं कि बतौर प्रोड्यूसर यह मेरी पहली फिल्म है बल्कि इसकी कहानी की वजह से।' उन्होंने आगे कहा 'प्रेम कहानियां बहुत ही ईमानदारी, खूबसूरती और सूक्ष्मता से बताई जानी चाहिए। चूंकि, इस फिल्म में तिलोत्तमा शोम हैं, इसलिए यह और खास है। वह ना सिर्फ एक बेहतरीन





अभिनेत्री हैं बल्कि वह ऐसी इंसान हैं जिन पर मैं बहुत भरोसा करती हूं। लंबे समय से मैं चाहती थी कि हम साथ में काम करें। उनके बगैर मैं इस प्रोजेक्ट को शुरू नहीं कर सकती।' फिल्म में तिलोत्तमा शोम अहम किरदार निभाएंगी। इसका निर्देशन नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले फिल्ममेकर संजय नाग करेंगे।

### पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर छोड़ती है गहरी छाप

## ओम नम: शिवाय के सेट पर धीरज कुमार ने बैन कर दी थी सिगरेट

*नई दिल्ली। फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर धीरज कुमार अब नहीं रहे। उनका 79 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 15 जुलाई को कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। ये कौन थे और इन्होंने किन फिल्मों और टीवी शोज को अमर बनाया, आइए जानते हैं। साथ ही पत्नी और बच्चों के बारे में बताते हैं।*



### खुद की शुरू की थी प्रोडक्शन कंपनी


धीरज कुमार का असल नाम धीरज कोचर था। वह एक भारतीय एक्टर, टीवी प्रोड्यूसर और डायरेक्टर थे। उन्होंने 1986 में क्रिएटिव आई लिमिटेड नाम की टीवी प्रोडक्शन कंपनी शुरू की थी। उन्होंने कई बॉलीवुड और पंजाबी फिल्मों में काम किया था।

### टीवी शोज और फिल्में

धीरज कुमार का जन्म 1 अक्टूबर 1944 को हुआ था। इन्होंने 2003 में दूरदर्शन पर प्रसारित हुए घर संसार धारावाहिक में अमर का किरदार निभाया था। लेकिन, इसके पहले उन्होंने ओम नमः शिवाय, श्री गणेश, मिली, हमारी बहू तुलसी, मायका, जय मां वैष्णो, ये प्यार न होगा कम, गणेश लीला, नीम नीम शहद शहद, इश्क सुभान अल्लाह जैसे तमाम टीवी शोज को डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है। धीरज कुमार ने बहारों फूल बरसाओ, हीरा पन्ना, रोटी कपड़ा और मकान, शिरडी के साईं बाबा, मांग भरो सजना, पुराना मंदिर, कर्म युद्ध, क्रांति, बेपनाह जैसी हिंदी फिल्मों में काम किया। इसके अलावा वह फौजी, शेर पुत्तर, सेठी मुराद, चोरन नू मोर जैसी पंजाबी फिल्मों में दिखाई दिए थे।

### पत्नी और बच्चे

धीरज कुमार की शादी जूबी कोचर से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं, बेटे का नाम सिद्धांत और बेटी का नाम सिमरन है। धीरज कुमार ने 1996 में आए ओम नमः शिवाय को बनाया था। उन्होंने बताया था कि इसके लिए उन्होंने 9 साल रिसर्च की थी। 1987 में ही उन्होंने इस शो बनाने के लिए शोध शुरू कर दिया था। कई नामी लेखकों के साथ मिलकर इसे तैयार किया था।



### 43 फिल्मों में किया था काम

धीरज कुमार ने 2008 में बताया था कि उन्होंने 43 फिल्मों में काम किया है। जिसमें से 19 पंजाबी हैं। उसमे उन्होंने लीड रोल प्ले किया था। उन्होंने कहा था कि वह 12 एनिमेशन फिल्में बनाने की प्लानिंग कर रहे थे। पहली फिल्म में सालभर का वक्त लगेगा। अब उन्होंने बनाई या नहीं, इसकी जानकारी मौजूद नहीं।

### सेट पर बनाए थे सख्त नियम

धीरज कुमार ने बताया था वह और उनकी पत्नी ओम नमः शिवाय की प्रोड्यूसर थीं। जब वह सेट पर थे तो भगवान शिव के प्रति अपना सम्मान दिखाने के लिए सभी लोग कुछ नियम का पालन करते थे। वो लोग सात्विक भोजन करते थे और वहां स्मोकिंग बैन थी। धीरज कुमार ने बताया था कि वह जिस स्टूडियो में शूटिंग करते थे। वहां भगवान शिव की मूर्ति स्थापित की थी। उनकी जगह कभी बदली नहीं गई। शूटिंग करने से पहले रोजाना उनके सामने पूजा करते और फिर काम शुरू करते थे।

### लिम्का बुक में दर्ज है नाम

मां वैष्णो देवी शो बनाने पर धीरज कुमार ने 2008 में एक इंटरव्यू में बताया था, ऐसे पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर गहरी छाप छोड़ती है। हमने 4500 घंटे का प्रोग्राम बनाया है, जिसमें से 700 घंटे तो सिर्फ मैथोलॉजिकल शोज पर ही बनाए हैं। हमारा नाम लिम्बा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है।

## खबर संक्षेप

### नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत

**गोहाना।** मंगलवार को भाजपा जिला गोहाना के पदाधिकारियों की सिंचाई विश्राम गृह में बैठक हुई। कार्यक्रम में भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने अपनी कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को पुष्पमालाएं पहनाकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने कहा कि भाजपा का कुनबा पूरे देश में सभी राजनीतिक दलों से बड़ा है। नवनियुक्त पदाधिकारी नए लोगों को जोडक़र पार्टी के कुनबे को और बड़ा बनाएं और इसका मान-सम्मान करें। इसके लिए पार्टी पदाधिकारी हर घर तक अपनी पकड़ मजबूत बनाएं।

### जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य रोपें : बीडीपीओ

**गोहाना।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामाजिक दायित्व की भावना जागृत करने के उद्देश्य से गोहाना खंड के बीडीपीओ डॉ. परमजीत ने पौधारोपण के साथ अपना जन्मदिन मनाया। बीडीपीओ ने गांव माहरा स्थित अंबेडकर भवन के परिसर में पौधारोपण किया गया। उन्होंने भवन के परिसर में अंबेडकर भवन निर्माण समिति के सदस्यों के साथ फलदार पौधे लगाए। डॉ. परमजीत ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करना हम सब का एक नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण एक सशक्त कदम है।

### मिनिस्ट्रियल अवार्ड से बढ़ा आत्मविश्वास

**सोनीपत।** सोनीपत नगर निगम को पहली बार स्वच्छता के क्षेत्र में मिनिस्ट्रियल अवार्ड मिलने जा रहा है, जिसे 17 जुलाई को दिल्ली में केंद्रीय शहरी आवास एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा प्रदान किया जाएगा। सम्मान को लेकर निगम में उत्साह का माहौल है। मंगलवार को निगम आयुक्त हर्षित कुमार और सह आयुक्त मीतू धनखड़ के साथ आयोजित प्रेस वार्ता में मेयर राजीव जैन ने कहा कि यह पुरस्कार नगर निगम के कर्मचारियों, पार्षदों और अधिकारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

### खरीफ की फसलों का पंजीकरण 31 तक

**खरखौदा।** उप निदेशक, डॉ पवन शर्मा व उप मण्डल कृषि अधिकारी, डॉ सन्दीप वर्मा के निर्देशानुसार डॉ रविन्द्र दहिया, खंड कृषि अधिकारी, खरखौदा ने किसानों से अपील की है कि चालू सीजन खरीफ में बोई गई फसलें कपास, धान, मक्का, ज्वार, बाजरा, मूंग, मूंगफली, गन्ना, व सब्जियां, बाग, खाली खेत व अन्य सभी फसलों का मेरी फसल मेरा ब्योरा पोटर्ल पर तक 31 जुलाई तक पंजीकरण करवाएं। किसान अपनी फसलों का पंजीकरण अटल सेवा केन्द्र के माध्यम से या अपने मोबाइल से भी पंजीकरण कर सकते हैं।

### धर्मबीर ने जीता स्वर्ण अमित सरोहा को कांस्य

**सोनीपत।** बेंगलुरू के श्रीकंतेरवा स्टेडियम में आयोजित 7वीं इंडियन पैरा इंटरनेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एक बार फिर गुरु-शिष्य की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते एफ 32 व एफ 51 श्रेणी में परचम लहराया। क्लब थ्रो इवेंट में पेरिस पैरा ओलंपियन गोल्ड मेडलिस्ट धर्मवीर ने गोल्ड अपने नाम किया, वहीं उनके कोच और देश के सबसे अनुभवी एथलीट ओलंपियन अमित सरोहा ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर दोहरी खुशी दी। इससे पहले भी कई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गुरू-शिष्य की यह जोड़ी जलवा बिखर चुकी है।

### आवास योजना की दूसरी किस्त जारी करने की मांग

**सोनीपत।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभार्थियों को दूसरी किस्त की राशि जारी न होने के चलते बीपीएल परिवारों के मकान अधर में लटके हुए हैं। विषय को गंभीरता से उठाते जिला पार्षद संजय ने जिला परिषद सीईओ अभय सिंह जांगड़ा को ज्ञापन सौंपा और मांग की कि योजना की दूसरी किस्त जल्द से जल्द जारी की जाए। बताया कि पहली किस्त लगभग तीन महीने पहले जारी की गई थी, लेकिन उसके बाद से दूसरी किस्त रुकी हुई है। कई परिवारों के मकान अधूरे पड़े हैं और वे मजबूरी में त्रिपाल डालकर खुले आसमान के नीचे जीवन गुजारने को विवश हैं।

### प्रधानमंत्री के नाम जिला राजस्व अधिकारी को सौंपा मांगपत्र

# वित्त विधेयक के विरोध में सेवानिवृत्त कर्मियों का धरना, जमकर नारेबाजी

### आठवें वेतन आयोग का गठन कर उसकी रिपोर्ट समय से लागू की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रिटायर कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा मंगलवार को डीसी कार्यालय सोनीपत पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। यह धरना हाल ही में संसद में पारित वित्त विधेयक 2025 की कुछ धाराओं के विरोध में आयोजित किया गया। धरने की अध्यक्षता जिला संयोजक महेंद्र सिंह बनवाला ने की, जबकि संचालन सिल्क राम मलिक ने किया। मुख्य वक्ता कृष्ण शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पारित वित्त विधेयक 2025 के अनुसार 31 दिसंबर 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों का लाभ नहीं मिलेगा। यह निर्णय केंद्र सरकार की मर्जी पर निर्भर रहेगा, जिससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों में गहरा असंतोष है।

धरने में वक्ताओं ने बताया कि पहले से ही पेंशनर्स की कई सुविधाएं समाप्त की जा चुकी हैं, जैसे कैशलेस मेडिकल सुविधा, रेलवे और हवाई यात्रा में किराए की छूट, बिजली बिल में राहत, और इनकम टैक्स से छूट। इसके विरोध में आज सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक धरना दिया गया और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन जिला राजस्व अधिकारी के माध्यम से भेजा गया। धरने को जयपाल खोखर, विजेंद्र दहिया, रमेश मोर, जयपाल राठी, जयभगवान दहिया, ओमप्रकाश मलिक, सतबीर धनखड़, ईश्वर सिंह राठी, श्रद्धानंद सोलंकी, एडवोकेट कपिल, राजेंद्र मलिक, कृष्ण शर्मा (करनाल), तथा महेंद्र सिंह बनवाला ने संबोधित किया। धरने को सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान आनंद हुड्डा और उपप्रधान जनरल सिंह ने भी समर्थन दिया। अंत में राज्य सचिव सतबीर धनखड़ और जिला संयोजक महेंद्र सिंह बनवाला ने सरकार से मांगें जल्द मानने की अपील करते हुए चेतावनी दी कि मांगे पूरी न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।



लघु सचिवालय के बाहर विरोध जताते रिटायर कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।


**सोनीपत।** डाकघर में अपनी मांगों को लेकर रोष जताते डाक कर्मचारी।

#### धरने के दौरान प्रमुख मांगे

वित्त विधेयक 2025 की धारा 4 को वापस लिया जाए, काम्यूटेशन की राशि की कटौती अवधि 15 वर्ष से घटाकर 10 वर्ष 8 महीने की जाए, सभी पेंशनर्स को कैशलेस मेडिकल सुविधा और 3000 रुपये मासिक चिकित्सा भत्ता दिया जाए,खाली पदों पर स्थायी नियुक्ति की जाए,श्रम कानून में संशोधन वापस लिया जाए,कोरोना काल में काटे गए 18 महीने के डीए का एरियर ब्याज सहित दिया जाए,वरिष्ठ नागरिकों को सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज और यात्री किराए में छूट दी जाए,आठवें वेतन आयोग का गठन कर उसकी रिपोर्ट समय से लागू की जाए,वृद्धावस्था में पेंशन में आयु आधारित बढ़ोतरी की जाए (65 वर्ष में 10 प्रतिशत, 75 वर्ष में 20 प्रतिशत)

#### अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

**सोनीपत।** भारतीय डाक कर्मचारी संघ (ग्रुप-सी), सोनीपत मंडल ब्रांच के कर्मचारियों ने केंद्र सरकार से अपनी लंबित मांगों को लेकर आज रोष प्रकट किया। संघ के कर्मचारियों ने केंद्रीय मुख्यालय के निर्देश पर काली पट्टी बांधकर ड्यूटी की और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराया। कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से विभिन्न मांगों को लेकर सरकार से समाधान की उम्मीद लगाए बैठे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ऐसे में उन्हें चरणबद्ध आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है।आंदोलन की रूपरेखा के बारे में बताया कि 22 जुलाई को सायं 6 बजे कार्यालय समय के बाद मंडल कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। 31 जुलाई को एक दिन की सांकेतिक हड़ताल की जाएगी। मांगें पूरी न होने की स्थिति में 18 अगस्त को अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरुआत की जाएगी। संघ ने साफ शब्दों में कहा है कि यदि सरकार समय रहते बातचीत कर समाधान नहीं करती, तो 18 अगस्त से डाक सेवाएं बाधित हो सकती हैं, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उन्होंने मांग की है कि कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जाए और उनके निवारण के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान मंचासीन मुख्य सचिव साथ में अन्य अधिकारीगण।

## पीएम इंटर्नशिप योजना युवाओं को बना रही सशक्त : मुख्य सचिव

- आईआईटी दिल्ली एक्सटेंशन टेक्नो पार्क में आयोजित की गई वर्कशाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के क्रियान्वयन को लेकर आज सोनीपत के राजीव गांधी एजुकेशन सिटी स्थित आईआईटी दिल्ली एक्सटेंशन टेक्नो पार्क में आयोजित वर्कशॉप में हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा कि यह योजना युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार से जोड़ने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। उन्होंने आह्वान किया कि योजना का लाभ हर जरूरतमंद बच्चे तक पहुंचाया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि देश की टॉप 500 कंपनियों में इंटर्नशिप का अवसर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की क्रांतिकारी पहल है, जिसमें हरियाणा की 71 कंपनियां भी शामिल हैं। उन्होंने सभी कॉलेज, पॉलिटेक्निक और आईटीआई प्रिंसिपलों से योजना को रोजगारपरक बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने को कहा। वर्कशॉप में यूथ इंपावरमेंट एंड एंटरप्रन्योरशिप विभाग के प्रमुख सचिव राजीव रंजन, मुख्यमंत्री के ओएसडी राज नेहरू, स्किल डिवेलपमेंट विभाग के निदेशक कैप्टन मनोज कुमार, अतिरिक्त निदेशक संजीव शर्मा, उच्चतर शिक्षा निदेशक एस नारायणन, स्कूल शिक्षा निदेशक जितेन्द्र कुमार, उपायुक्त सुशील सारवान, डीसीपी प्रबीना पी, कॉरपोरेट अफेयर्स मंत्रालय की सचिव दीप्ति गौर मुखर्जी (ऑनलाइन), रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज सीमा रथ व अन्य अधिकारी, उद्योगपति और संस्थान प्रमुख शामिल रहे। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि जिन अध्यापकों ने छात्रों को इस योजना से जोड़ा है, उन्हें स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित किया जाए। योजना के तहत चयनित युवाओं को 5,000 रुपये मासिक मानदेय और 6,000 रुपये की एकमुश्त सहायता दी जाएगी। पात्रता आयु 21-24 वर्ष तय की गई है।

## गोहानाः एलएलएम में प्रवेश के लिए 76 छात्राओं ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां में आज विधि विभाग के स्नातकोत्तर कोर्स एलएलएम में प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा के लिए विवि के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग में परीक्षा केंद्र की स्थापना की गई। विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने बताया कि एलएलएम की 30 सीटों के लिए 100 छात्राओं ने पंजीकरण करवाया था। इनमें से मंगलवार को 76 छात्राओं ने परीक्षा दी। डॉ. दहिया ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का परिणाम 16 जुलाई को ही घोषित कर दिया जाएगा। विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। यादव ने कहा कि पूर्ण रूप से पारदर्शिता ही महिला विवि की प्रतिबद्धता है। छात्राओं को परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी।


परीक्षा का निरीक्षण करते कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव व परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया।

### सात एथलीटों ने हासिल किया कांस्य पदक

**सोनीपत।** भारतीय खेल प्राधिकरण के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई), सोनीपत से जुड़ी सात महिला हाकी खिलाड़ियों ने 15वीं हाकी इंडिया सब-जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते कांस्य पदक जीतकर हरियाणा और सोनीपत का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 3 से 14 जुलाई तक रांची, झारखंड में आयोजित की गई, जिसमें देशभर की विभिन्न राज्य स्तरीय टीमों ने भाग लिया। हरियाणा टीम की ओर से खेलते एनसीओई सोनीपत की चार खिलाड़ी—भव्या, दिया, हर्षिता और मनजिंदर—और 'कम एंड प्ले' योजना से जुड़ी तीन खिलाड़ी—हिमांशी, माही और नैंसी—ने पूरे टूर्नामेंट में दमदार खेल का प्रदर्शन किया। इन खिलाड़ियों ने विरोधी टीमों को लगातार चुनौती देते हुए हरियाणा को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई। टीम की कप्तानी कर रही भव्या ने अपने नेतृत्व कौशल और बेहतरीन खेल से सभी को प्रभावित किया।

## पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

### श्री राम रेजिडेंसी में 100 पौधों का किया रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

श्री राम रेजिडेंसी सोनीपत में पौधारोपण कार्यक्रम के तहत 100 पौधे लगाने का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम सोनीपत के मेयर राजीव जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रेजिडेंसी के सभी निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए पर्यावरण को स्वच्छ और हरित बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान नीम, अमलतास, गुलमोहर, अर्जुन और अशोक जैसे छायादार व औषधीय पौधे लगाए गए।

मेयर राजीव जैन ने पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की और सभी नागरिकों को अधिकाधिक पौधे लगाने व उनकी देखभाल करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं और इनका संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। स्थानीय निवासियों ने पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी स्वयं ली और कहा कि वे नियमित रूप से पौधों की सिंचाई व संरक्षण करेंगे। इस अवसर पर सोसायटी के वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं और बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोसायटी के प्रबंधन, स्वयंसेवकों व बच्चों की अहम भूमिका रही।


**सोनीपत।** श्रीराम रेजिडेंसी में पौधारोपण करते स्थानीय निवासी एवं अन्य।



**खरखौदा।** गणित प्रश्नोत्तरी में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

#### गणित प्रश्नोत्तरी में सुंदरम सदन प्रथम

**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ में एक रोमांचक अंतर्सदनीय गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें तीन सदन - सत्यम, शिवम और सुंदरम ने भाग लिया। जिन्हें क्रमशः अल्फा, बीटा और गामा नाम दिया गया था। यह प्रतियोगिता कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों की कराई गई। गणित अध्यापक अमित और अमन ने प्रतियोगिता की बागडोर संभाली। जबकि गणित अध्यापक पूनम ने निर्णायक की भूमिका निभाई। तीनों सदनों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी गणितीय कौशल का प्रदर्शन किया। तैयारी कर्ता अध्यापकों ने पूरे उत्साह के साथ विद्यार्थियों को भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन विद्यार्थियों में गणित विषय में रुचि को बढ़ाने के लिए और महत्व को बताने के लिए किया गया। प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा के बाद, सुंदरम सदन (बीटा) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, सत्यम सदन (गामा) ने द्वितीय स्थान और शिवम सदन (अल्फा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता ने छात्रों की गणितीय कौशल को बढ़ावा देने और उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया। प्राचार्या उषा वत्स ने विजेता टीम को बधाई देते कहा कि विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहना चाहिए। जिससे उनकी प्रतिभा और कौशल में विकास होगा।

## कबड्डी में प्रताप स्कूल बना चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

बहादुरगढ़ में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी चैम्पियनशिप में प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खरखौदा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही प्रताप स्कूल की टीम ने हरियाणा प्रदेश व विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रताप स्कूल की विजेता टीम में लक्षय जगलान, पुरव, वंश, पुष्प, तरुण, आदित्य, दक्ष, भावेश व रोहन शामिल रहे, जिन्होंने अपने जबरदस्त खेल कौशल से सभी को प्रभावित करते हुए टीम को विजेता बनाया। प्रताप स्कूल के लक्ष्य को प्रतियोगिता को बेस्ट रैडर चुना गया। विजेता खिलाड़ियों का विद्यालय परिसर में भव्य स्वागत किया गया।

द्रोणाचार्य अवार्डी एवं खेल निदेशक ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, कबड्डी कोच ओमप्रकाश व सुरेन्द्र राठी ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मिलेगा अवसर - खेल निदेशक ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि इस स्वर्णिम जीत के बाद अब टीम पटना (बिहार) में आयोजित होने वाली सीबीएसई नेशनल कबड्डी चैम्पियनशिप में भाग लेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी पदक जीतकर प्रदेश, जिला व विद्यालय का गौरव बढ़ाएंगे।



**खरखौदा।** खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधन। *फोटो :हरिभूमि*


गढ़ी ब्राह्मणान में पक्षियों के लिए बनाए गए आश्रय लेकर पहुंचें समिति के पदाधिकारी।

#### पक्षी संरक्षण के लिए किया सेवा कार्य


**सोनीपत।** महाराणा प्रताप युवा समाज सेवा समिति और जीवन रक्षक ब्लड समिति के तत्वावधान में आज गढ़ी ब्राह्मणान स्थित राजकीय विद्यालय में पक्षियों के लिए आश्रय और भोजन की व्यवस्था की गई। इस सेवा कार्य का उद्देश्य पक्षियों के प्रति लोगों में संवेदनशीलता और सेवा भाव को बढ़ाना रहा। इस अवसर पर पूर्व डीटीओ धर्मवीर दहिया, समिति पदाधिकारी अजीत प्रधान और हुकुम चंद भारद्वाज ने विद्यार्थियों और ग्रामीणों को पशु-पक्षियों की सेवा के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि पक्षियों को दाना और पानी देना न केवल पर्यावरण की रक्षा का कार्य है, बल्कि यह मानवता की सेवा भी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अतुल कुमार ने इस अभियान में पूर्ण सहयोग दिया और बच्चों को सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि ऐसे छोटे-छोटे प्रयास जीवन में सकारात्मकता लाते हैं और समाज को संतुलन की ओर ले जाते हैं।

### नई शिक्षा नीति 2020 व इंटर्नशिप को बढ़ावा देने विषय पर कार्यशाला

# विवि में नई शिक्षा नीति शत-प्रतिशत लागू : प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

मंगलवार को भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीतिः 2020 व इंटर्नशिप को बढ़ावा देने विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने की। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में कई विषयों में नई शिक्षा शत-प्रतिशत लागू की जा चुकी है। विवि का हर विभाग नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन से परिचित है। कुलपति ने कहा कि इंटर्नशिप छात्राओं को वास्तविकता का अनुभव कराती है। यह छात्राओं को अपने क्षेत्र में कौशल को विकसित करने और रोजगार के बेहतर अवसर ढूंढने में मदद करती है। व्यावहारिक अनुभव इंटर्नशिप के माध्यम से छात्राओं में आता है। इंटर्नशिप कक्षा में सीखी बातों को वास्तविक कार्य वातावरण में लागू करने का अवसर देती है। प्रो. सुदेश ने कहा कि इंटर्नशिप छात्राओं को उद्योग के साथ जुडऩे और नेटवर्क बनाने का अवसर प्रदान करती है। इंटर्नशिप करने वाले विधार्थी को नौकरी मिलने की संभावना अधिक होती है, क्योंकि उनके पास व्यावहारिक अनुभव व ज्ञान होता है। कुलपति ने अधिकारियों को छात्राओं के लिए ज्यादा से ज्यादा इंटर्नशिप के अवसर मुहैया कराने को कहा। इस अवसर पर डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. संकेत विज, प्रो. रवि भूषण, प्रो. श्वेता सिंह व प्रो. अशोक वर्मा उपस्थित रहे।


**गोहाना।** कार्यशाला को संबोधित करते कुलपति प्रो. सुदेश। *फोटो : हरिभूमि*


**सोनीपत।** आइसक्रीम पार्लर में पहुंचें विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

### बच्चों ने आइसक्रीम पार्लर का किया भ्रमण

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल के प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा 2 तक के छात्रों ने अपने आउटबाउंड लर्निंग अनुभव के तहत मुरथल स्थित एक ढाबे के आइसक्रीम पार्लर का एक भ्रमण किया। इस भ्रमण में सीखने और आनंद का एक बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला बच्चों ने आइसक्रीम परोसने का तरीका देखा, उसके स्वादों का आनंद लिया।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जागसी सूरा में पंचायती भैंसे को बेचने हेतु बोली दिनांक 22.07.2025 को प्रातः 11 बजे सूरा चौपाल में की जानी है। जमानत राशि 20000/- रूपये होगी। बाकी शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी। अधिक जानकारी के लिए सरपंच ग्राम पंचायत जागसी सूरा से संपर्क कर सकते हैं।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत, जागसी सूरा (सोनीपत)
मो. नं. 8816961520

## खबर संक्षेप

### कमरे में सो रहे बुजुर्ग की संदिग्ध हालत में मौत

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव गढ़ मिर्कपुर में कमरे के अंदर सो रहे बुजुर्ग की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। परिजन बुजुर्ग को लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा। विसरा रिपोर्ट में मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव गढ़ मिर्कपुर निवासी पवन कुमार ने बताया कि उसका पिता स्वरूप सिंह (70) काफी दिनों से बीमार चल रहा था। वह चार साल से लकवा ग्रस्त हो गया था। सुबह अपने कमरे में संदिग्ध हालत में बेसूध पाया गया।

### मुरथल विवि परिसर से छात्रा लापता, केस दर्ज

**सोनीपत।** सोनीपत-मुरथल रोड स्थित दीनबंधू विवि से संदिग्ध हालत में छात्रा के लापता होने के आरोप का मामला सामने आया है। छात्रा के परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस छात्रा की तलाश के प्रयास कर रही है। एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसकी बेटी मुरथल विवि में पढ़ती है। वह घर से विवि के लिए चली गई थी। उसे सूचना मिली की उसकी बेटी विवि से चली गई है। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर मुरथल थाना पुलिस को शिकायत दी।

### उत्तराखंड के पूर्व डीजीपी व हरियाणा खेल विवि के कुलपति ने बढ़ाया हौसला

# सीबीएसई नॉर्थ जोन-2 तीरंदाजी स्पर्धा में छाए खिलाड़ी, लगाए सटीक निशाने

**पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल में आयोजित चैंपियनशिप के दूसरे दिन भी धनुर्धरों ने किया शानदार प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल में सीबीएसई नार्थ जोन-2 तीरंदाजी चैंपियनशिप के दौरान निशाना साधती तीरंदाज।

पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल, कामी रोड में सीबीएसई के तत्वावधान में चल रहे सीबीएसई नॉर्थ जोन-2 तीरंदाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन भी युवा धनुर्धरों ने सटीक निशाने लगाकर अपनी प्रतिभा और तैयारी का शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न आयु वर्ग के मुकाबलों में हरियाणा के लड़के व लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों और खेलप्रेमियों को रोमांच से भर दिया। मंगलवार को उत्तराखंड के पूर्व डीजीपी व हरियाणा खेल विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार ने यहां पहुंचकर तीरंदाजी चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डॉ.विजयपाल नैन, सचिव गौतम नैन, स्कूल की प्रधानाचार्या हिमानी दहिया व उप प्रधानाचार्य वरुण ने तीरंदाजी चैंपियनशिप में पहुंचे हरियाणा खेल विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार का बुके भेंट का स्वागत किया। तीरंदाजी चैंपियनशिप के दौरान भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, पूर्व एसडीएम वीरेंद्र सांगवान सहित कई गणमान्य लोगों ने भी पहुंचकर प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर पूर्ण मूर्ति कैंपस के कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंधक निदेशक कपिल भाटिया, एमडी इंजी.संघदीप शाक्य, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा. स्वीटी, कैंपस डायरेक्टर कुलदीप, रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू, डीन अकादमिक संदीप कुमार व सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

#### सौरव, शुभम व विश्वदीप ने किया शानदार प्रदर्शन

*सीबीएसई नॉर्थ जोन-2 तीरंदाजी चैंपियनशिप के दौरान लड़कों के अंडर-19 रिकर्व (70 मी) के व्यक्तिगत मुकाबले में नरवाना जींद के सौरव पहले, रोहतक के निश्चय नांदल दूसरे व नरवाना जींद के ही शुभम तीसरे स्थान पर रहे। लड़कों के अंडर-19 रिकर्व टीम मुकाबले में डीएवी पुलिस स्कूल नरवाना जींद की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। सौरव, शुभम व विश्वदीप ने अपनी टीम को जीत दिलाई। लड़कियों की अंडर-19 रिकर्व के व्यक्तिगत मुकाबले में फरीदाबाद की तमन्ना गुलिया ने प्रथम, झज्जर की अनुरंजनी अहलावत ने द्वितीय व आयशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की अंडर-19 रिकर्व टीम मुकाबले में अमेटी इंटरनेशनल स्कूल, गुड़गांव ने पहला स्थान हासिल किया। इस टीम में यश्विनी अम्बावता, अन्वी गोयल व गौरी भदाना शामिल थी। वहीं वेदास इंटरनेशनल स्कूल गुड़गांव की टीम को दूसरा स्थान मिला। इस टीम में रिशा मेहता, आयशा व कशिका शामिल रही। अंडर-19 रिकर्व मिक्स्ड टीम मुकाबले में भी अमेटी इंटरनेशनल स्कूल, गुड़गांव की टीम समीक्ष मखीजा व यश्विनी अम्बावता के शानदार प्रदर्शन के कारण पहले स्थान पर रही।*

#### लड़कों के अंडर-17 रिकर्व (60 मी) में कमेटी इंटरनेशनल स्कूल प्रथम

अंडर-17 रिकर्व गर्ल्स (60 मी) के व्यक्तिगत मुकाबले में वल्लभगढ़, फरीदाबाद की श्रेया दहिया ने 598 अंक लेकर पहला स्थान पाया, जबकि सिरसा की सानवी ने 548 अंक लेकर दूसरा व वल्लभगढ़, फरीदाबाद की आन्या सिंह ने 543 अंक लेकर तीसरा स्थान पाया। अंडर-17 रिकर्व गर्ल्स टीम मुकाबले में डीएवी पब्लिक स्कूल, वल्लभगढ़, फरीदाबाद की टीम पहले स्थान पर रही। टीम में शामिल श्रेया दहिया, आन्या सिंह व पारी दहिया ने अचूक निशाने लगाए। लड़कों के अंडर-17 रिकर्व (60 मी) के व्यक्तिगत मुकाबले में हिसार के मयंक ने 651 अंकों के साथ पहला स्थान पाया, जबकि फरीदाबाद के सक्षम अहलावत ने 638 अंक लेकर दूसरा व जींद के यथार्थ अहलावत ने 624 अंक लेकर तीसरा स्थान पाया। लड़कों के अंडर-17 रिकर्व (60 मी) के टीम मुकाबले में कमेटी इंटरनेशनल स्कूल, गुड़गांव की टीम पहले स्थान पर रही। इस टीम में लव केडिया, लावित्र कुमार सिंह, सात्विक सोनी व जयवर्धन सिसोदिया शामिल रहे। वहीं रावल कान्वेंट वल्लभगढ़ की टीम दूसरे स्थान पर रही। जयदीप, देव व अनुज शर्मा इस टीम में शामिल रहे। अंडर-17 रिकर्व मिक्स्ड टीम मुकाबले में कॉसमॉस पब्लिक स्कूल हिसार की टीम ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि रावल कान्वेंट वल्लभगढ़ की टीम दूसरे स्थान पर रही। हिसार की टीम में नेहा लोहान व मयंक कुमार और वल्लभगढ़ की टीम में भव्या व जयदीप रावत शामिल रहे।

# व्यापार मंडल के नाम पर गठित हुई कार्यकारिणी का विरोध

**जिलाध्यक्ष बोले, नहीं हुआ नई कार्यकारिणी का चुनाव**



गन्नौर। हाथ उठा कर एकजुटता दिखाते व्यापार मंडल गन्नौर के सदस्य।

- सितंबर में संवैधानिक तरीके से होगा चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

रेलवे रोड स्थित पूर्व प्रधान स्व. शेखरचंद जैन के प्रतिष्ठान पर मंगलवार को व्यापार मंडल गन्नौर की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता व्यापार मंडल के कार्यकारी प्रधान संदीप सिंघल ने की। बैठक में व्यापार मंडल गन्नौर ने दो दिन पहले गन्नौर व्यापार मंडल के नाम से गठित की गई कार्यकारिणी का विरोध किया। मुख्य सलाहकार विद्याभूषण हसीजा ने कहा कि गन्नौर व्यापार मंडल के प्रधान शेखरचंद जैन का तीन महीने पहले ही निधन हुआ है। जिसके बाद जिला व्यापार मंडल व गन्नौर व्यापार मंडल ने शेखरचंद जैन व उनके परिवार के सदस्यों को श्रद्धांजली देने के लिए छह महीने तक नई कार्यकारिणी का गठन न करने का निर्णय लिया हुआ है। जबकि कुछ लोगों ने व्यापारियों में फूट डलवाने के उद्देश्य से गन्नौर व्यापार मंडल के नाम का प्रयोग कर पदाधिकारियों का असंवैधानिक तरीके से चयन कर लिया। कार्यकारी अध्यक्ष संदीप सिंघल ने स्पष्ट किया कि व्यापार मंडल गन्नौर रजिस्टर्ड है जिसमें करीब 250 सदस्य हैं। उसके चुनाव की प्रक्रिया जिलाध्यक्ष की देखरेख में होती है। व्यापार मंडल पूरी तरह से गैर राजनीतिक है। बैठक में जिलाध्यक्ष संजय सिंगला ने भी वीडियो काल के माध्यम से व्यापार मंडल को एकजुट रहने का संदेश दिया और कहा कि सितंबर माह में संवैधानिक तरीके से व्यापार मंडल की कार्यकारिणी से विचार विमर्श कर नई कार्यकारिणी का चुनाव किया जाएगा। तब तक व्यापार मंडल के कार्यकारी प्रधान संदीप सिंघल बने रहेंगे और बाकी पदाधिकारी ज्यों के त्यों रहेंगे।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर वरिष्ठ उपप्रधान संदीप सिंघल, महासचिव राजकुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नंद लाल बत्रा, सुनील जैन, गौरव जैन, उमेद छिक्कारा, अमरीश त्यागी, कश्मीरी लाल, राकेश शर्मा, रामभज, अनिल कौशिक, अजय, श्याम सुंदर, सुरेंद्र खुराना, शालू राय, गौरव शास्त्री, मोहित सैनी, विजय गोस्वामी, अमन मुखीजा, यासीन आदि मौजूद रहे।

# वसुधैव कुटुम्बकम हमारी सांस्कृतिक पहचान : भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि डीसीपी भारती डबास । फोटो : हरिभूमि

शहर में पुरानी सब्जीमंडी के समीप स्थित सनातन धर्म मंदिर शिवाला मस्तनाथ में मंगलवार को 8 दिवसीय 48वें कांवड़ सेवा शिविर और शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः कलश यात्रा से हुआ। कलश यात्रा में 351 महिलाओं ने भाग लिया। कथा व्यास प्रीति रामनुज हैं। कथा सायं 3 से 5 बजे तक आयोजित होगी। मुख्य अतिथि गोहाना की पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) भारती डबास रहीं। डीसीपी ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम हमारी संस्कृति का मूल सिद्धांत है। हमारे सांस्कृतिक मूल्यों व सिद्धांतों से ही विश्व में हमारी पहचान सबसे अलग है। मुख्य यजमान भोला राम वर्मा व माया वर्मा थे। संयोजन मंदिर समिति के प्रतिनिधि विनोद अग्रवाल, ओडी शर्मा, वीरेंद्र जैन, अशोक जैन, डॉ. कपूर नरवाल, गोविंद गोयल, रमेश मेहता, विकास जैन, अरुण सैनी, रामनिवास सैनी, पालेराम धीमान, महिला शम्मी अग्रवाल, एकता गोयल, माया वर्मा, स्वीटी गोयल, सरोज बाला गोयल, निम्मी मेहता और ममता गुप्ता का रहा। विशेष उपस्थिति नरेंद्र गहलावत, चंद्रशेखर शर्मा, पंकज जैन, अनुज जैन, संजय जैन, संजय मंगल, पवन गोयल, कृष्ण सैनी, सतबीर सैनी और सुरेश मल्होत्रा की रही।



गोहाना। एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

### पानी निकासी के लिए तैयारियां पूर्ण रखें : अंजलि

**गोहाना।** एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने बाढ़ राहत कार्यों को लेकर मंगलवार को उपमंडलीय परिसर स्थित अपने कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में एसडीएम ने अधिकारियों को बाढ़ राहत तैयारियों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। अंजलि श्रोत्रिय ने कहा कि शहरी क्षेत्र और गांवों में बारिश के पानी की निकासी के सभी तैयारियां पूर्ण रखें। सीवरेज सिस्टम को दुरुस्त करें और सभी ड्रेनों की सफाई कार्य को जल्द पूरा किया जाए। पानी निकासी के लिए पम्पसेट तैयार रखें ताकि बारिश होते ही शीघ्र पानी की निकासी की जा सके और जलभराव से किसानों की फसलें नष्ट न हों। एसडीएम ने कहा कि 16 जुलाई को जिला उपायुक्त सुशील सारवन बाढ़ राहत कार्यों का निरीक्षण करने गोहाना आएंगे। अधिकारी बाढ़ राहत कार्यों से संबंधित अपनी रिपोर्ट तैयार रखें। बैठक में सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रशांत, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता नवीन गोयत, एसडीओ मैकेनिकल राजबीर, कानूनगो रणबीर मलिक और गुलशन मौजूद रहे।

# भोगीपुर में नया ट्यूबवेल लगाने का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- ग्रामीणों ने ड्रेन 6 की सफाई कराने पर विधायक कादियान का जताया आभार



गन्नौर। नया ट्यूबवेल लगवाने का काम शुरू करते विधायक देवेन्द्र कादियान।

भोगीपुर गांव (राजलू गढ़ी) में ड्रेन-6 के पास बने सूखे तालाब में अब पानी भरेगा। ग्राम पंचायत ने सवा 3 लाख रुपए की लागत से नया ट्यूबवेल लगवाने का काम शुरू कर दिया है। क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र कादियान ने नारियल फोड़कर ट्यूबवेल कार्य की शुरुआत करवाई। उन्होंने कहा कि कुछ ही दिनों में पानी की समस्या पूरी तरह खत्म हो जाएगी। तालाब में साफ पानी भरने से पशुपालकों को राहत मिलेगी। मवेशियों को पानी पिलाने और नहलाने की सुविधा मिलेगी। यह ट्यूबवेल ग्रामीणों की प्यास भी बुझाएगा। विधायक कादियान ने बताया कि यह तालाब पिछले करीब 30 साल से सूखा पड़ा था।अब ट्यूबवेल लगने से गांव को बड़ी राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने ड्रेन नंबर 6 की सफाई कराने पर विधायक का आभार जताया। उन्होंने विधायक से श्मशान घाट की ओर जाने वाले रास्ते पर जर्जर पुलिया को दोबारा बनवाने की मांग की। विधायक ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही संबंधित अधिकारियों से बात कर पुलिया का निर्माण कराया जाएगा। इस मौके पर ब्लॉक समिति चेयरमैन अनिल कुमार, पूर्व सरपंच वीरेंद्र, जयपाल, अशोक, राजेश, जिले सिंह, राजेंद्र, रिंकू, भीम सिंह, कृष्ण, पवन कुमार, दिनेश दिनकर सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### एनसीबी रोहतक यूनिट ने दो तस्करों को नशीले पदार्थ सहित किया गिरफ्तार



**सोनीपत।** हरियाणा को नशा मुक्त बनाने की दिशा में सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान को आगे बढ़ाते हुए हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की रोहतक यूनिट ने एक सफलता हासिल की है। जिले के गांव रोहट क्षेत्र में दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 8.9 ग्राम प्रतिबंधित नशीला पदार्थ बरामद किया गया। उप निरिक्षक जयबीर अपनी टीम के साथ थाना सदर के एरिया मे मौजूद था। तभी गुप्त सूचना मिली कि दो नशा तस्कर गांव रोहट मे नहर पुल के पास अवैध नशीला पदार्थ की तस्करी करने जा रहा है। टीम ने नजदीक नहर पुल, गांव रोहट से दो आरोपितो को काबू किया। आरोपितो की पहचान साहिल निवासी बैंयापुर व जतिन निवासी कालूपुर चुंगी के रूप में हुई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# रचनात्मकता में हैप्पी चाईल्ड स्कूल के छात्र छाए

- इंग्लिश प्ले प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर





गन्नौर। अंग्रेजी नाटकों के मंचन द्वारा अपनी अभिनय कला प्रस्तुत करते स्कूल के छात्र ।

हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में इंग्लिश प्ले प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही उत्साह और रचनात्मकता के साथ किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया और प्रसिद्ध अंग्रेजी नाटकों के मंचन द्वारा अपनी अभिनय कला, संवाद अदायगी और प्रस्तुति क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में जूलियस सीजर, मर्चेंट आफ वेनिस और मैकबेथ जैसे चर्चित नाटकों का मंचन किया गया। शेक्सपियर के नाटक यह संदेश देते हैं कि इंसान की भावनाएं, कमजोरियां और संघर्ष हर युग में समान रहते हैं। प्रत्येक प्रस्तुति में विद्यार्थियों की वेशभूषा और संवादों की स्पष्टता सराहनीय रही। प्रधानाचार्या उषा मलिक ने बकहा कि सबकी मेहनत, समर्पण और अभिनय क्षमता ने इस नाटक को जीवंत बना दिया। शेक्सपियर जैसे महान नाटककार की रचनाओं को मंचित करना आसान कार्य नहीं होता, फिर भी आपने इसे जिस आत्मविश्वास और रचनात्मकता के साथ प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सुनील नागपाल व संजय नागपाल आदि मौजूद रहे।



गन्नौर। रोटरी क्लब के पदाधिकारी मुक्तिधाम में शव वाहन को समर्पित करते हुए।

### रोटरी क्लब गन्नौर ने मुक्तिधाम को शव वाहन किया समर्पित

**गन्नौर।** रोटरी क्लब गन्नौर द्वारा मंगलवार को समाजसेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए अपना पहला प्रोजेक्ट स्वर्गीय डॉ. संजय जैन की पुण्य स्मृति में संपन्न किया गया। क्लब ने मुक्तिधाम गन्नौर को शव वाहन भेंट किया, जो अंतिम यात्रा के लिए उपयोग होगा। क्लब के प्रधान मनीष बंसल ने बताया कि स्वर्गीय डॉ. संजय जैन ने समाज और क्लब के लिए अमूल्य योगदान दिया। उनके आदर्शों और सेवा भावना को ध्यान में रखते हुए यह प्रोजेक्ट उनकी स्मृति को समर्पित किया गया है। प्रोजेक्ट को सफल बनाने में प्रोजेक्ट चेयरमैन राकेश सिंधवानी, सचिव श्रेय त्यागी, कोषाध्यक्ष अनिल जैन की प्रमुख भूमिका रही। इस अवसर पर मुक्तिधाम गन्नौर के प्रधान नंदलाल छाबड़ा, अतुल जैन, नवीन खन्ना, डॉ. जे.एस. धनखड़, डॉ. वी.पी. राठी, संजीव गुप्ता, अमित बत्रा, अशोक वर्मा तथा क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे। सामाजिक सेवा कार्य की सभी उपस्थित जनों द्वारा सराहना की गई और रोटरी क्लब गन्नौर के प्रयासों की प्रशंसा की।

**कार्रवाई** | कई दिनों से चला रहे अभियान, लोग कर लेते हैं अवैध पार्किंग और कब्जे

# सड़क पर अतिक्रमण को लेकर पुलिस की बेबसी हर तीसरे दिन अवैध कब्जे हटवाने पर मजबूर

**कावड़ यात्रा को लेकर पुलिस लोगों को कर रही जागरूक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। अतिक्रमण हटवाने के लिए मशीन लेकर पहुंचे पुलिस कर्मी।

सावन माह में सड़कों पर जाम न लगे। उसके लिए यातायात को सड़क मार्ग से अतिक्रमण व अवैध पार्किंग को हटवाने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्त करनी पड़ रही है। बहालगढ़ चौक पर पुलिस गत दिनों में कई बाद अभियान चला चुकी है, लेकिन लोग फिर से अतिक्रमण करने से बाज नहीं आ रहे हे। एक महीने के अंदर यह तीसरी अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई है। अब दोबारा से अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

बता दें कि जीटी रोड बहालगढ़ चौक पर यह समस्या अधिक थी, जहां दुकानदार न केवल अपना सामान सड़क पर रखते हैं बल्कि रेहड़ी वालों से किराया लेकर अतिक्रमण को बढ़ावा भी देते हैं। जिसके चलते यहां पर करीब एक किलोमीटर के क्षेत्र में सड़क पर रेहड़ी-फडी और खोखे रखकर सामान बेचने वालों का कब्जा हो चुका था। स्थानीय लोग कई बार शिकायत कर चुके थे। कई बार हलकी फुलकी कार्रवाई भी यहां पर हुई, लेकिन फिर से यहां पर अतिक्रमण हो जाता था। मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस का दस्ता अतिक्रमण हटवाने पहुंचा। कार्रवाई से दुकानदारों और रेहड़ी-फड़ी वालों में हड़कंप मच गया। सभी ने तुरंत अपना सामान समेटना शुरू कर दिया। कई जगह पर बिल्डिंग मैटिरियल का सामान भी सड़क किनारे पड़ा था। जिसे बुल्डोर मंगवा कर सड़क से हटवाया गया।

#### एक माह में तीन बार हटवाया अतिक्रमण

एक माह में तीन बार सड़क मार्ग से अतिक्रमण को हटवा चुके है। सावन का महीना है, हरिद्वार से लोग जल लेकर आते है। सड़क मार्गो पर जाम का सामना न करना पड़े। उसके लिए अतिक्रमण हटवाने का अभियान चलाया हुआ है।

**-नरेंद्र कादियान,** यातायात, पुलिस उपायुक्त।